सार-समाचार

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत हुई। भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त अभियान के आहवान के समर्थन में गैर सरकारी संगठन ठामीण एवं सामाजिक विकास संस्था अजमेर (पाली) एंव जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलाइंस और सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय एवं रेलवे पुलिस के संयुक्त तत्वधान में जागरूकता व शपथ ग्रहण कार्यकर्मो का आयोजन किया गया जिसमें समाज के हर तबके के लोग शामिल हुए। साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्री अनपूर्णा देवी के द्वारा विज्ञान भवन,नई दिल्ली से शुरू किया गया। पाली जिले में कार्यक्रम की शुरुआत सूरज शिक्षण संस्थान से बाल कल्याण समिति,पाली अध्यक्ष रशीद मोहम्मद की अध्यक्षता व स्कूल डायरेक्टर नारायणसिंह राजपुरोहित की उपस्तिथि में की गई। अध्यक्ष द्वारा बालकों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तारपुर्व बताया गया व् बच्चों से जुड़ी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 पर सुचना देने को कहा गया। इसी के साथ स्कूल के बच्चो व् स्टाफ द्वारा बाल विवाह रोकथाम की शपथ ली। तत्पश्चात मारवाड़ जक्शन रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक, स्टाफ़, रेलवे कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, यात्रियों व ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था, अजमेर (पाली) के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ ली व स्टेशन पर केंडल मार्च निकाला गया। लोगों को बाल विवाह नहीं करने के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक राजुलाल धवल, निरीक्षक मदनलाल जनागल, ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था, अजमेर (पाली) जिला समन्वयक अमन कुमार वैष्णव एवं सुनीता, फरसाराम आदि उपस्थित रहे।

कर्मचारी संघ ने किसानों को दिया समर्थन

जालोर, (कासं)। कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ ने जालोर में भारतीय किसान संघ द्वारा जवाई पुनर्भरण को लेकर किए जा रहे आंदोलन को नैतिक समर्थन देते हुए राजस्थान के मुख्य सचिव ,मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग ,संभागीय आयुक्त पाली एवं जिला कलेक्टर जालौर को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष देवराज चौधरी ने ज्ञापन में राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण किया कि जोधपुर में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद भी जालोर जिले के हक के साथ कुठाराघात करते हुए 2200 करोड रुपए की परियोजना की डीपीआर बनाई गई है। वहीं उक्त परियोजना की क्रियान्विति को लेकर जल संसाधन विभाग द्वारा जोधपुर में पदों का सृजन किया गया है। जिससे आहत होकर जालोर के किसान, मजदूर, महिला, सामाजिक संगठन सहित सभी के आंदोलन में आने से जालोर बंद सफल हुआ है। अब यह आंदोलन जन आंदोलन का रूप ले रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा जोधपुर पेयजल को लेकर बनाई गई डीपीआर को तत्काल निरस्त करने के साथ-साथ जल संसाधन विभाग द्वारा इस योजना की क्रियान्विति के लिए किए गए पदों के सृजन आदेश को प्रत्याहारित करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने भारतीय किसान संघ से शीघ्र वार्ता कर जालौर जिले के हक को निर्धारित करने की भी मांग की है।

जैसलमेर में सीतारमन सहित मंत्री आएंगे

जैसलमेर, (नि.सं.)। पर्यटन मानचित्र में लोकप्रिय स्वर्णनगरी में 21 दिसम्बर को केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमन लेंगी जीएसटी की 55वीं बैठक,राज्यों के वित्त मंत्री भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक की व्यवस्था को लेकर राज्य के जीएसटी के आला अधिकारी इन दिनों जैसलमेर में आये हुए है। शहर की मैरियट होटल में बैठक होने की जानकारी मिली है। शहर के अनेक सितारा होटल मेहमानों के लिए बुक हो चुके है। ज्ञात रहे कि दिसम्बर माह में पर्यटन का पीक सीजन होने और इसी दौरान जीएसटी की बैठक होने के कारण होटल व्यवसायिओं को होने वाली सीजनल कमाई से वंचित रहना पड़ेगा। सीनियर अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार जीएसटी परिषद की 55 वीं बैठक 21 दिसंबर को जैसलमेर में आयोजित होगी। बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इस बैठक में सभी राज्यों के वित्त मंत्री भी हिस्सा लेंगे। जैसलमेर में आयोजित होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में कई वस्तुओं के टैक्स स्लैब में बदलाव होने की उम्मीद है। दरअसल, पहले यह बैठक नवंबर के पहले हफ्ते में होने वाली थी, जो दिसंबर में होने जा रही है। इस बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री अगले वित्त वर्ष 2025-26 के बजट से जुड़े अपने सुझाव भी पेश करेंगे, जो 1 फरवरी, 2025 को संसद में प्रस्तुत होगा।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें पर्यावरण संरक्षण संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे ने जिले में ग्रेनाइट स्लरी की अवैध डंपिंग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के सुचारू रूप से निस्तारण करने की बात कही। बैठक में जिला कलक्टर ने प्रदूषण बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता को जिले में आमजन को वायु गुणवत्ता की जानकारी मिल सकें इसके लिए वायु गुणवत्ता सूचकांक और एक्यूआई के मापन के लिए जिला कलेक्ट्रेट परिसर एवं नगर परिषद में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए स्थापित स्क्रीन पर प्रदर्शित हो रहे गुणवत्ता सूचकांकों को लेकर विस्तार से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले में एफएसटीपी कार्यों पर चर्चा के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के रोकथाम के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा आमजन को जागरूक कर कपड़े, जूट व कागज से बनी कैरी बैग्स का उपयोग करने को लेकर प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर पर उप वन संरक्षक देवेंद्र सिंह भाटी, जिला परिवहन अधिकारी सीएल मालवीय, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलैक्टर को ज्ञापन दिया

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले में कार्यरत बीआरपी व वीं एच पी की दर्जनों महिला सदस्यों ने गुरुवार को कलेक्ट पहुंच अपने 10 सूत्री मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि हमारा काफी समय से मानदेय बकाया हैं जो दिलाया जाए, वही इस पद के लिए 12वीं पास तय है लेकिन 12वीं पास महिलाओं को हटाया जा रहा है, कार्य दिवस बढ़ाया जाए, वीं एचपी सदस्यों को नजदीकी पंचायत समिति में लगाया जाए और उसकी भता भी दिलवाया जाए, पंचायत द्वारा समुचित दस्तावेज समय पर मिले, इसके साथ मानदेय भी बढ़ाने आदि मांगे रखी गई। इस अवसर पर सुमित्रा वैष्णव, पार्वती, गंगा रोहट, धीरम राठौर, मैनाकवर मनसा, माया दवे, ओम प्रकाश रमेश चंद्र सोनू सहित कई जने मौजूद थे।

किसानों के समर्थन में ज्ञापन आज देंगे

जालोर, (कासं)। सनातन धर्म सेवा एवं सर्म्वधन संस्थान जालोर के समस्त सदस्यों पदाधिकारियों, कार्य समिति के सदस्यों द्वारा 29 नवम्बर को किसानो की मांगो को लेकर ज्ञापन दिया जायेगा। जिलाध्यक्ष बंशीलाल सोनी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे जिला कलेक्टर जालोर के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार व गृहमंत्री अमित शाह के नाम, जवाई बांध के पानी का आधा हिस्सा जालोर जिले को देने, जवाई बांध के पुर्नभरण के लिए माही डेम का ओवर फ्लो पानी जवाई बांध में लाने व जवाई नदी के बारहमास बहने की योजना बनाने के बारे ज्ञापन दिया जाएगा। साथ ही इस बारे में आन्दोलनरत भारतीय किसान संघ को सनातन धर्म सेवा एवं सर्वधन संस्थान का पूर्ण समर्थन का समर्थन पत्र भी दिया जायेगा।

ग्राम स्वराज अभियान का प्रशिक्षण दिया

रेवदर, (निसं)। पंचायत समिति में ग्राम स्वराज अभियान प्रशिक्षण के दूसरे दिन अतिरिक्त विकास अधिकारी भरत सिंह ने पंचायतों में रिकॉर्ड संधारण, जन्म मृत्यु, पट्टा बनाने संबंधित जानकारी दी। ग्राम विकास अधिकारियों ने समस्याओं आदि से अवगत करवाया, कैशियर सहदेव चौधरी ने भी पंचायत से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी लाल, महेंद्र खंडेलवाल, प्रभु राम, रणजीत वणिक, संजू चौधरी, कविता शर्मा, अर्जुन सिंह, हरीश दवे आदि का सहयोग है।

411 शिक्षकों के स्थायीकरण का निर्णय

जालोर, (कासं)। जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित जिला स्थापना समिति जालोर की बैठक में दो वर्ष का परिवीक्षा काल पूर्ण कर चुके अध्यापक तृतीय श्रेणी लेवल प्रथम व द्वितीय के 411 शिक्षकों के स्थायीकरण व वेतन नियमितीकरण का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजौरा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाड़ा व जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक भैराराम उपस्थित रहे।

किसानों का महापड़ाव जारी, प्रशासन से वार्ता का नतीजा नहीं

जालोर,(का.सं.)। जवाई नदी पुनर्जीवित की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार को किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की, लेकिन स्थाई हल नही निकलने तक किसानो ने महापड़ाव जारी रखने का आव्हान किया।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने किसानों द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए प्रस्तुत किए गए मांग पत्र के संबंध में कृषि, विद्युत, सहकारिता, परिवहन, पुलिस एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को विभागीय स्तर पर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण संवेदनशीलता एवं जवाबदेहिता के साथ कार्य किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर विशेष ध्यान रखते हुए किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि, राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रास्ते की समस्याओं, 72 घण्टे में जले हुए ट्रांसफॉर्मर बदलवाने, खराब विद्युत मीटर को नियत समय में बदलने, मीटर रीडिंग सही लेने, कृषि के लिए विद्युत सप्लाई दिन में करवाने, कृषि यंत्रों पर बकाया अनुदान जारी करवाने, सहकारिता विभाग द्वारा बंद किए गए बी.एम.सी. सेन्टर को पुनः शुरू करवाने, सहकार दुर्घटना बीमा एवं सहकार ऋण बीमा का भुगतान सही समय पर करवाने, ग्रामों में पेयजल व पशुधन के लिए पर्याप्त एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, सहित विभिन्न मांगों पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने ध्यानपूर्वक सुनते हुए चर्चा की साथ ही विभागीय अधिकारियों को ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर अधिकारियों-कार्मिकों को पाबंद करने के निर्देश दिए।

जालोर के कलैक्ट्रेट में कलैक्टर की अध्यक्षता में किसान प्रतिनिधि मंडल से वार्ता हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलैक्टर जालोर राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त जिला कलैक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, डिस्कॉम एसई पी.एस.राठौड़, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता जितेन्द्र त्रिवेदी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक जितेन्द्र सिंह शक्तावत, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान, नरपतसिंह, रतनसिंह कानीवाड़ा सहित कई जने उपस्थित रहे।

गौतलब है कि जालोर के किसानो के लिए जीवन रेखा कही जाने वाली जवाई नदी में जवाई बांध के पानी का हक तय करने को लेकर कलेक्ट्रेट के समक्ष करीब दस दिन से किसानों का महापडाव जारी है।

किसान हॉस्पीटल चौराहा, आहोर चौराहा व कलैक्ट्रेट के समक्ष टेक्टर खडे कर महापड़ाव स्थल पर चाय, खाना आदि बनाकर बिस्तर लेकर बैठे हुए है। किसानों ने कहा कि इस बार किसान आर पार की लडाई करने के उदेश्य से महापड़ाव किया है। जनप्रतिनिधियों द्वारा हमेशा जवाई बांध के पानी लाने को लेकर राजनीति की जाती रही है। गृहमंत्री अमित शाह चुनावी सभा में जवाई नदी को पुर्नजीवित करने का वाद करके गये थे। लेकिन चुनाव के बाद वे भी अपना वादा भूल गये। किसानों ने बताया कि राजनेता केवल वोटों की राजनीति करते ह। उनको किसानो के सुख दुख से कोई लेना देना नही है। महापड़ाव स्थल पर दिनभर काफी संख्या में किसानों का जमावड़ा नजर आया। वहीं पुलिस कानून व्यवस्था बनाने में नजर आई।

जालोर व आहोर विधायक किसानों द्वारा महापडाव करने बाद सिचांई मंत्री से व मुख्यमंत्री से मिले। किसानो ने कहा कि जालोर विधायक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व आहोर विधायक छगनसिंह दोनों लगातार चुनाव जीतने के बाद भी किसानों की समस्याओं को हल करने को लेकर गंभीर नजर नहीं आये। जालोर व आहोर विधायक महापडाव से पहले सिचांई मंत्री व मुख्यमंत्री से मिलते तो शायद किसानों की समस्या का समाधान हो जाता।। इन जनप्रतिनिधियों की कमजोर पैरवी के चलते जवाई बांध का पानी जोधपुर ले जाने को लेकर डीपीआर बनाने की योजना तैयार हो गई। किसानों की मांग की है कि प्रदेश से लेकर केन्द्र तक भाजपा की सरकार है तथा आहोर व जालोर के विधायक भाजपा के तथा सांसद भाजपा के होने के बाद भी किसानों को जवाई बांध के पानी हक तय नहीं हुआ।

तालाब में ट्रक पलटा, ड्राइवर सहित तीन घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में देर रात को कच्चे रास्ते पर एक ट्रक असंतुलित होकर तालाब में पलट गया। ट्रक में सवार ड्राइवर सहित तीन जने बड़ी मुश्किल से बाहर निकले। गुरुवार सुबह ट्रक और उसमें रखी बड़ी मशीन को बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार पाली के निकट डेंडा गांव रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। पीपाड़ से डेंडा पंचों की प्याऊ के पास स्थित कैम्प में बड़ी मशीन ट्रक में लेकर बीकानेर जिला निवासी 59 वर्षीय ड्राइवर जगदीश पुत्र गोपालनाथ आ रहा था। उसके साथ दो कम्पनी के कर्मचारी भी थे। मंडली गांव के निकट बुधवार रात करीब एक बजे वे डेंडा की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते से गुजर रहे थे। इस दौरान अचानक ट्रक अंसतुलित हो गया और सड़क किनारे तालाब में पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार तीनों लोग घायल हो गए और बड़ी मुश्किल से ट्रक से बाहर निकले और खुद की जान बचाई। हादसे की सूचना पर रात को ट्रक को तालाब से निकालने के लिए हाइड्रो और क्रेन भी मौके पर बुलाई गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण उसे निकालने में कामयाब नहीं हो सके। ऐसे में गुरुवार सुबह तालाब में गिरे ट्रक और उसमें लोड की गई मशीन को निकाला जा सका। इस दौरान खासी भीड़ रही। मामले में मंडल गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता नटवरसिंह ने कहा कि डेंडा रोड बना रही कम्पनी ने निर्माण कार्य के दौरान आने-जाने वाले वाहनों के लिए अलग से वैकल्पिक मार्ग नहीं दिया। ऐसे में वाहन चालकों को कच्चे रास्ते से होकर आना-जाना पड़ रहा है। जिससे हादसे हो रहे हैं।

पाली में कच्चे रास्ते पर ट्रक असंतुलित होकर तालाब में पलट गया। फोटो-राष्ट्रदूत

आहोर विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

आहोर, (निसं)। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है।

पत्र में अवगत करवाया है कि राजस्थान बजट 2024 के घोषणा में जवाई बांध के पानी पर 2280 करोड रूपयें की जोधपुर की ओर नहर को पुनः ठीक करने की योजना बनी थी, जो यह योजना अधिकारियों द्वारा गुमराह करके यह योजना बनाई गयी थी जिसको लेकर मैनें व सुमेरपुर, जालोर, सिवाना के विधायकों ने आपको पत्र व प्रत्यक्ष रूप से मिलकर इस योजना पर पुनः विचार करके निरस्त कराने को लेकर निवेदन किया था । यह योजना जालोर, पाली, बाडमेर जिले के लिए अभिशाप साबित होगी, फिर भी विभाग के अधिकारी आज भी सरकार को गुमराह करके यह योजना यथावत रखने का कार्य कर रहे है जो जवाई नदी क्षेत्र के लोगों के हित में नही हैं। क्योकिं जवाई बांध बनने के बाद अभी तक जवाई नदी में आठ बार ही पानी आया हैं वो भी बाड जैसी आपदा आने की स्थिति में आया है बाकी के सालों में जवाई नदी सुखी ही रहनें से नदी के प्रवाह क्षेत्र में कुँओं व नलकुपों में पानी की कमी के साथ दिनो-दिन भुजल स्तर गिरता गया है ।अब यह क्षेत्र पुरा बंजर की स्थिति में आ गया है। इस विषय को लेकर भारतीय किसान संघ व क्षेत्र के किसानों का जालोर जिला मुख्यालय पर महापडाव शुरू हैं विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह किया है कि जवाई बांध के पानी पर जो 2280 करोड रूपयें की योजना बनाई जा रही है उसे तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए।

विधायक मोतीराम ने दरी भेंट की

रेवदर, (निसं)। रेवदर विधायक मोतीराम कोली की अभिशंषा पर उपखंड रेवदर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दरी फर्श का वितरण किया।,

विधायक के कर कमलों से आज दौलपुरा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक को दरी सुपुर्द कर दरी वितरण का शुभारंभ किया गया। 7 कुल 253 दरियां जिनका मूल्य 38 लाख रुपए हैं। इस मौके पर सीबीईओ अन्नाराम मोबारसा एसीबीईओ पूनमसिंह सोलंकी, घनश्यामसिंह आढा ,आरपी छगनलाल रावल, मनोज कुमार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी महिपाल सिंह भाटी, कनिष्ठ सहायक विजय कुमार यादव, ब्लॉक साक्षरता समन्वयक केशव लाल कोली, एमआईएस अशोक कुमार, अमृतलाल, सहायक कर्मचारी भमराराम आदि उपस्थित रहे।

विवाद में दो पक्ष भिड़े

जोधपुर, (कासं)। प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में दो पक्ष के लोगों के बीच आपसी विवाद के बाद मारपीट हो गई ।गाडिय़ों में तोड़ फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने दोनों पक्ष की तरफ से परस्पर केस दर्ज किए। रिपोर्ट नामजद लोगों के खिलाफ दी गई है। मारपीट में एक दो लोग चोटिल हुए जिनका मेडिकल करवाया गया।

प्रतापनगर थाने में पंचोलियानाडी की रहने वाली एक महिला की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

इसमें बताया कि सन्नी , मोंटी, विष्णु आदि ने उसका रास्ता रोककर मारपीट किए जाने के साथ उसकी गाडिय़ों को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं क्रॉस में भी एक महिला ने रिपोर्ट दी कि आरोपी महिला और उसके परिजन ने मारपीट की और उसके देवरानी के साथ गलत सलूक किया।

दो जगहों से बाइक चोरी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में बाइक चोरी की घटनाओं का सिलसिला रुकने का नाम ही ले रहा है। बाइक चोरी के दो मामले सामने आए हैं।

भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि माता का थान 80 फीट रोड जयराम नगर निवासी त्रिवेणी शंकर पुत्र रामप्रकाश अपनी बाइक लेकर बासनी कृषि मंडी आया था। यहां से उसकी बाइक अज्ञात शख्स चोरी कर ले गया। दूसरी तरफ लक्ष्मण नगर नांदड़ी निवासी गणपत सिंह पुत्र बस्तीराम ने उदयमंदिर पुलिस को बताया कि वह बस स्टेण्ड राइका बाग आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई।

शहजाद खान का स्वागत

नर्सेज एसोसिएशन जालोर के जिलाध्यक्ष शहजाद खान का आहोर के नर्सिंग कर्मियों ने स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जालोर के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष शहजाद खान का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आहोर के नर्सिंग कर्मियों द्वारा माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन आहोर ब्लॉक अध्यक्ष भवरसिंह नारनाडी ने कहा कि शहजाद खान हमेशा नर्सिंग कर्मियों की समस्या को लेकर आगे आते रहे हैं। उनके नर्सेज के प्रति सेवा भाव व समर्पण को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि शहजाद खान के जिला अध्यक्ष बनने से नर्सेज कर्मियों का संगठन मजबूत होगा तथा नर्सेज की समस्या को हल करने में पूर्ण सहयोग मिलेगा। खान के जिलाध्यक्ष बनने पर आहोर के नर्सिंग कर्मियों ने खुशी जाहिर की। वही शहजाद खान ने आहोर के नर्सिंग कर्मियों का आभार जताया।

इस अवसर पर आहोर नर्सिंग अधीक्षक बाबूलाल बावल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर कैलाश दास वैष्णव, नर्सिंग ऑफिसर अनिल कुमार, जस्सा राम पटेल, दलपत कुमार, राजाराम, कौशल्या मीणा, सूर्यवीर सिंह, अरविंद जोशी, नरेंद्र कुमार, हितेश, अमन सहित सीएचसी स्टाफ मौजूद थे।

बकरी पालन विषय पर संस्थागत प्रशिक्षण दिया

जालोर, (का.सं.)। कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना की ओर से अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत विभिन्न तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवार की आय में वृद्धि करने के साथ ही स्थायी आजीविका प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने तथा किसानों को बकरी पालन में आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा कर उसका उचित प्रबंधन करवाने के लिए 25 से 28 नवम्बर तक केन्द्र में जनजातीय किसानों के लिए वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन विषय पर चार दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 25 किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार ने केन्द्र की गतिविधियों के बारे में बताते हुए किसानों को बकरी पालन व्यवसाय के लाभ बताएं। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार पारीक ने बकरी पालन से सम्बंधित विभिन सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए इन योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही।

सहायक आचार्य पशुपालन डॉ. आशु सिंह गोदारा ने किसानों को बकरियों में होने वाली विभिन्न बीमारियों, टीकाकरण, आवास इत्यादि विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 10 किसानों को नस्ल सुधार के लिए मारवाड़ी नस्ल के बकरे वितरित किये गए।

कार्यक्रम में केंद्र के मौसम विशेषज्ञ आनंद शर्मा, प्रसार विशेषज्ञ सुमन शर्मा, शस्य विज्ञान विशेषज्ञ बिरम सिंह गुर्जर एवं राजीविका से एलआरपी चेतन गर्ग व थाना राम उपस्थित रहे।

भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम घोषित

जालोर, (कासं)। संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउंडेशन द्वारा आयोजित 11वीं भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा कलबी समाज के छात्रावास में एक साथ हिंदी माध्यम-अग्रेजी माध्यम में 40 ब्लॉक में विद्यालय स्तर, महाविद्यालय स्तर में 20 अक्टूबर 2024 रविवार को सुबह 11.00 से 1.30 दोपहर बजे तक परीक्षा आयोजन करवाईं गई थी। परिणाम बुधवार को घोषित किया

फाउंडेशन के अध्यक्ष सांवलाराम चौधरी विकास अधिकारी मण्डोर ने बताया कि सांचौर, जालोर, सिरोही, बालोतरा, बाडमेर, जोधपुर, पाली, जयपुर, जिले के ब्लॉक मुख्यालयों पर स्थित 40 परीक्षा केन्द्रों पर विद्यालय स्तर 5799 व महाविद्यालय पर स्तर में 1168 विद्यार्थीयों समेत कुल 6967 विद्यार्थीयों ने परीक्षा दी थी । लिखित परीक्षा के बाद ब्लॉक स्तरीय करियर गाइडेंस सेमीनार का भी आयोजन प्रत्येक परीक्षा का केंद्र किया गया था। जिसमें विषय विशेषज्ञ एवं प्रशासनिक अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा का आयोजन करवाया गया। विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर में दोनों 150 प्रश्नों का अलग- अलग प्रश्न पत्र दिया गया था, जिसमें सभी बहुविकल्पीय प्रश्न थे, जिसका परीक्षा परिणाम फाउंडेशन की वेबसाईट पर बुधवार को घोषित किया गया। विद्यार्थी वेबसाइट पर ऑनलाईन परीक्षा परिणाम पीडीएफ फाईल डाऊनलोड कर रोल नंबर के माध्यम से चेक कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम रैंक के अनुसार आएगा। जिसमें ब्लॉक रैंक, जिला रैंक व राज्य रैंक होगी।

फाउंडेशन के कार्यालय प्रभारी किरण चौधरी बादनवाडी ने बताया कि लिखित परीक्षा परीक्षा परिणाम में राज्य स्तरीय मेरिट रैंक में विद्यालय स्तर का परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान पर इंद्रा कुमारी परीक्षा ब्लॉक भेडाणा , द्वितीयः स्थान भावानी कुमारी परीक्षा ब्लॉक पांचला, तृतीय स्थान मोनिका पटेल परीक्षा ब्लॉक झंवर, कमलेश कुमार परीक्षा ब्लॉक भादरूणा रहे।

महाविद्यालय स्तर का परीक्षा परिणाम प्रथम स्थान गोविन्द पटेल परीक्षा ब्लॉक जोधपुर, द्वितीय स्थान भरत चौधरी परीक्षा ब्लॉक सिरोही व तृतीय स्थान मेवाराम परीक्षा ब्लॉक जोधपुर रहे। इसी प्रकार से जिला मेरिट, ब्लॉक मेरिट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया

जिला स्तर पर होगी प्रतियोगिता

लिखित परीक्षा में ब्लॉक स्तर पर टॉप रहने वाले प्रतिभागियों की क्विज प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की जायेगी। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में टॉप रहने वाली टीमों के बीच राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में टॉप सौ विधार्थी एवं राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की प्रोत्साहन परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा। इसके आधार पर चयनित जरूरतमंद प्रतिभाओं को कोचिंग, उच्च अध्ययन के लिए आर्थिक सम्बलन (छात्रवृत्ति) संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउंडेशन की ओर से प्रदान की जाएगी।

उपचुनावों में जीत मुख्यमंत्री भजनलाल के कुशल नेतृत्व का परिणाम : डॉ. जोगेंद्र

जालोर, (कासं)। भारतीय जानता पार्टी की उपचुनावों में हुई जीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। सत्ता और संगठन के बेहतर तालमेल और दोनों ही जगह नेतृत्वकर्ता संगठन का मूल कार्यकर्ता होने से आज प्रदेश में आमजन का भाजपा के प्रति विश्वास बढा है।। ये बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. जोगेन्द्र सिंह सिलोर ने गुरुवार को जालोर में एक दिवसीय निजी प्रवास के दौरान कही।

उन्होने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार खत्म होने की कगार पर है, उसका मुख्य कारण है कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी लोगो से सत्ता की भूख में हाथ मिलाना। उन्होंने कहा कि अपने राजकुमार को कुर्सी दिलाने के चक्कर में कांग्रेस अपनी नीतिया व सिद्धांत सब भूलकर धारा 370 के समर्थन में खडी हो गई। इसके लिए देश उसे कभी माफ नहीं करेगा। राजस्थान चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए था, लेकिन सत्ता और पद की भूख उनको ये करने नहीं देती और दूसरी तरफ एक वर्ष के गौरवशाली कार्यकाल पूरा करने जा रही भजनलाल सरकार के दस माह के निर्णयों को जनता ने भरपूर समर्थन दिया। सरकार गठन के बाद महिला सुरक्षा और युवाओ के भविष्य को लेकर हमारी सरकार ने जो निर्णय किए वो प्रभावी निर्णय रहे पेपर माफिया के जाल को जिस तरह से तोडा और अपराधियों पर हुई कार्यवाही से प्रदेश में अच्छा वातावरण खडा हुआ, जिसका चुनावो में लाभ मिला। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगामी पंचायत व निगम चुनावो में भी हर तरफ कमल खिलेगा, सिलोर ने जालोर भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की और सभी को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने जालोर जिले में संगठन के प्रभावी कार्य की भी सराहना की। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली ने इस अवसर पर डॉ सिलोर के नेतृत्व में खिंवसर सीट जीतने की बधाई देते हुए उनका स्वागत किया व सभी कार्यकर्ताओं को संगठन पर्व में पूर्ण मनोभाव से लगते हुए आगामी माह में होने वाले बूथ और मंडल के चुनाव में भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओ को कमान देने के लिए धरातल पर सभी को सक्रिय रहने की बात कही।

इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धुंखाराम राजपुरोहित जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड हरिश राणावत पुखराज राजपुरोहित विराणा पूर्व जिलाध्यक्ष गेनाराम मेगवाल जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव बोरली सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मरू समारोह पर चर्चा आज

जैसलमेर, (नि.सं.)। पर्यटन विभाग के तत्वावधान में जैसलमेर में आगामी 10 फरव